नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से



सातवां दिन कालरात्रि

चैत्र नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। मां का स्वरूप जितना ही उग्र है, उनका हृदय उतना ही निर्मल है। देवी को नकारात्मक ऊर्जा का नाश करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जो साधक इस तिथि पर सच्चे भाव से पूजा-पाठ करते हैं, उन्हें जीवन में किसी भी संकट का सामना नहीं करना पड़ता है।

**पूजा विधि:** ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। मां कालरात्रि की पूजा व व्रत का संकल्प लें। मां कालरात्रि की प्रतिमा स्थापित कर ध्यान करें।

**प्रिय भोग:** मां कालरात्रि को गुड़ और गुड़ से बनी चीजें प्रिय हैं। इसके अलावा उन्हें उड़द की दाल और चावल का भोग भी अर्पित कर सकते हैं।

**पूजन मंत्र**
**या देवी सर्वभूतेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥**

# भारत एशिया कप का किंग

## फाइनल में पाक को पांच विकेट से हराकर जीता मुकाबला

- एशिया कप का भारत नौवीं बार बना चैंपियन
- पाकिस्तान ने भारत को दिया था 147 रन का लक्ष्य
- भारत ने 19.4 ओवर में लक्ष्य पूरा किया
- तिलक वर्मा ने 53 गेंदों पर 69* रन बना कर जीत दिलाई
- भारत ने टूर्नामेंट में लगातार 7 मैच जीते
- भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए

**दुबई, 28 सितंबर.** भारत ने दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एशिया कप 2025 के महामुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर नौवीं बार एशिया कप की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में अपना अजेय सफर (कुल सात मैच) जारी रखा और पाकिस्तान को इस संस्करण में लगातार तीसरी बार शिकस्त देकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

मेगा फाइनल में भारत को 147 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा की मैच जिताऊ नाबाद 69 रनों की परिपक्व पारी के दम पर 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। पाकिस्तान की सलामी जोड़ी साहिबजादा फरहान (57 रन) और फखर जमां (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रनों की ठोस शुरुआत दी, लेकिन इसके बाद कुलदीप यादव की घातक फिरकी के सामने पाकिस्तानी पारी पूरी तरह लड़खड़ा गई।कुलदीप यादव ने अपनी फिरकी का जादू दिखाते हुए सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके.। 147 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत किसी बुरे सपने से कम नहीं थी। इनफॉर्म बैटर अभिषेक शर्मा (5 रन), कप्तान सूर्यकुमार यादव (1 रन) और शुभमन गिल (12 रन) सस्ते में पवेलियन लौट गए और भारत का स्कोर केवल 20 रन पर 3



विकेट हो गया। इस गंभीर दबाव के बावजूद, तिलक वर्मा ने संयम का अद्भुत प्रदर्शन किया। युवा तिलक ने पहले अनुभवी संजू सैमसन (24 रन) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की, और फिर शिवम दुबे (33 रन) के साथ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

भारत की इस ऐतिहासिक और दबदबे वाली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी। उन्होंने भारत-पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता की ओर इशारा करते हुए कहा, क्रिकेट के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर। परिणाम वही है। हमारे क्रिकेट खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई। प्रधानमंत्री का यह कथन जीत के महत्व और राष्ट्रीय गौरव को और भी बढ़ा देता है।

### सीएम डॉ. यादव ने दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में हुए एशिया कप 20-20 क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल मैच में भारत की पाकिस्तान पर शानदार विजय पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रवासियों को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेटर्स ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि हमारे क्रिकेटर ऐसा ही प्रदर्शन बनाए रखेंगे।

# कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर

## सेना ने एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश

**श्रीनगर 28 सितम्बर.** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में भारतीय सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है. ये आतंकवादी एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) पार कर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे. घटना के बाद सेना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आतंकवादियों को मार गिराया. मारे गए आतंकवादियों के शव एलओसी के बहुत करीब पाए गए हैं.

सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन जारी रखा है. आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है. यह पिछले आठ दिनों में सेना और आतंकवादियों के बीच दूसरा बड़ा एनकाउंटर है. इससे पहले 20 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था और एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे. यह मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार जंगलों में हुई थी.

### कांकेर में 14 लाख के तीन इनामी नक्सली ढेर

**कांकेर,** छतीसगढ़ के कांकेर जिले के छिंदखड़क जंगल में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सीतानदी एरिया कमेटी के कमांडर समेत तीन ईनामी माओवादी मारे गए. मृतकों के सिर पर कुल 14 लाख रुपये का इनाम था. मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एक एसएलआर, एक 303 राइफल, एक 12 बोर की बंदूक और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला ने बताया कि मारे गए माओवादियों की पहचान की गई है. मृतकों में श्रवण मडकम उर्फ विश्वनाथ उर्फ बुधराम - सीतानदी/रावस समन्वय एरिया कमेटी का सचिव, जिसके सिर पर आठ लाख रुपये का इनाम था. राजेश उर्फ राकेश हेमला - नगरी एरिया कमेटी का सदस्य एवं गोबरा एलओएस कमांडर, जिसके सिर पर पांच लाख रुपये का इनाम था.

# तमिलनाडु में टीवीके के नेताओं पर एफआईआर

- अब तक 40 लोगों की मौत 95 घायलों का इलाज जारी
- अभिनेता से नेता बने विजय थलापति विवादों में

**चेन्नई 28 सितंबर. तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अभिनेता से नेता बने विजय थलापति विवादों में घिर गए हैं. एक राजनीतिक रैली के दौरान मारपीट को लेकर विजय और उनकी सुरक्षा टीम पर एफआईआर दर्ज हुई है.**

ये घटना 21 अगस्त को तमिलनाडु के मदुरै में तमिलगा वेत्रि कझगम की रैली के दौरान हुई. रैली के दौरान मची भगदड़ में करीब 40 लोगों की मौत हो गई.



वहीं 95 लोग घायल हुए है. इनमें से 51 लोग गंभीर घायल है. घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं. मदुरै में हुई टीवीके की रैली के दौरान मारपीट की घटना के संबंध में शिकायतकर्ता शरत कुमार ने पेरम्बलुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है.

अपनी रिपोर्ट में उन्होंने कहा है कि रैली के दौरान वह विजय से मिलने के लिए मंच की ओर बढ़ रहा था, तभी विजय के बाउंसरों ने उसे जबरदस्ती पकड़कर रैंप से धक्का दे दिया. साथ ही उसने यह भी कहा है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई.

पीड़ित ने यह आरोप भी लगाया कि विजय की रैली में जनता के साथ दुर्व्यवहार हुआ. गौरतलब है कि तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं. इस चुनाव से पहले अभिनेता से नेता बने विजय राजनीति में भी अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं. इस साल की शुरुआत में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम बनाई थी.

### पीएम ने की 2-2 लाख की सहायता की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करूर हादसे पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की घोषणा की. पीएमओ की ओर से एक्स पर जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया, भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारजनों को पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी. जबकि घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की मदद राशि दी जाएगी.

**विजय ने की आर्थिक मदद की घोषणा:** अभिनेता-राजनेता विजय ने मृतकों के परिवारों के लिए 20-20 लाख और घायलों को 2-2 लाख की आर्थिक मदद देने की घोषणा की.

# बिहार को मिलेगी सात नई ट्रेनों की सौगात : रेल मंत्री



**नयी दिल्ली/पटना 28 सितंबर (वार्ता) बिहार को आधुनिक रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना जं. से सात ट्रेनों की सौगात बिहार को देंगे, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं.**

कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे. मध्यम वर्ग और आम लोगों की लोकप्रिय ट्रेन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना लेने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस की 12 सेवाएं अभी देश भर में चल रही हैं जिनमें 10 ट्रेन बिहार से चलती हैं. तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत हो जाने के बाद इस श्रेणी की रेलगाड़ियां की संख्या बढ़कर 15 हो जाएगी जिसमें 13 ट्रेनों का परिचालन बिहार से होगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बिहार वासियों के लिए यह बड़ी सौगात है.

## एशिया कप फाइनल में भारत की दिखा दबदबा

**दुबई 28 सितंबर.** भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के फाइनल में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया है। पाकिस्तान ने 16.1 ओवर में छह विकेट खोकर 133 रन बनाए. साहिबजादा फरहान 38 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। कुलदीप यादव ने 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सईम अयूब का विकेट लिया। सईम ने 11 गेंदों पर 14 रन बनाए। अक्षर पटेल ने मोहम्मद हारिस (0) को पवेलियन भेजा। फखर जमान का विकेट वरुण को मिला। जमान ने 35 गेंदों पर 46 रन बनाए। अक्षर ने हुसैन तलत (1) को संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा को कुलदीप यादव ने आउट किया।

## 7 राज्यों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

- ईसी ने 470 अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी
- विधानसभा चुनाव और उपचुनाव के लिए नियुक्ति

**नई दिल्ली 28 सितंबर. निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा और कुछ राज्यों में उपचुनावों पर समग्र निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर रहा है. तीन वर्गों में ये पर्यवेक्षक सामान्य, पुलिस और व्यय मामलों पर निगरानी रखेंगे.**

भारतीय निर्वाचन आयोग संविधान प्रदत्त पूर्ण शक्तियों के तहत केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती करता है. संविधान का अनुच्छेद 324 आयोग को ये अधिकार और शक्ति देता है. इसके अलावा ऐसी शक्तियां लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी




के तहत भी मिलती हैं.

क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया के कुशल और प्रभावी प्रबंधन की भी देखरेख करते हैं. व्यय पर्यवेक्षकों को चुनाव व्यय द्वारा उम्मीदवारों और संबंधित राजनीतिक दलों के किए गए चुनाव व्यय का निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किया जाता है. निर्वाचन आयोग ने 470 अधिकारियों को पर्यवेक्षक दल में शामिल किया है. इनमें 320 आईएएस, 60 आईपीएस और 90 से अधिक आईआरएस और आईसीएएस आदि सेवाओं से जुड़े अधिकारी हैं. ये केंद्र या राज्य सरकारों में सेवा कर रहे हैं.

## स्वामी चैतन्यानंद 5 दिन की पुलिस कस्टडी में

**नई दिल्ली 28 सितंबर,** दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार को पटियाला हाउस कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां पुलिस ने आरोपी की पांच दिन कस्टडी रिमांड की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पांच दिन की रिमांड को मंजूरी दे दी है. कोर्ट में अंदर जाने के दौरान आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती से मीडिया ने आरोपों पर सवाल किया. इन दौरान उसने आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा, जब बाहर आऊंगा तो बताऊंगा. छात्राओं से यौन शोषण के आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार सुबह आगरा से गिरफ्तार किया गया था. दिल्ली पुलिस की एक टीम को चैतन्यानंद के आगरा में होने का पता चला था, जहां वह एक होटल में ठहरा हुआ था.

**डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट** 150 से ज्यादा देशों में रेबीज एक गंभीर समस्या है

# हर नौ मिनट में रेबीज से होती है एक मौत

**नई दिल्ली 28 सितंबर (वार्ता) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व में हर नौ मिनट में कहीं न कहीं रेबीज से एक व्यक्ति की जान जाती है. अगर जंगली जानवरों के काटने के बाद एंटी रैबीज सीरम और टीके के पूरे डोज ले लिये जाएं तो इससे बचाव मुमकिन है.**

हर साल 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है. इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ ने इसके रोग के बारे को लेकर लोगों को आगाह किया है. डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 150 से ज्यादा देश




खासकर एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर समस्या है.

यह बीमारी जंगली जानवरों, कुत्ते, बिल्ली, के काटने, खरोंच मारने से होती है, जिसकी लार से रेबीज विषाणु पीड़ित के शरीर में आ जाते हैं इससे हर साल हजारों लोगों की मौत हो जाती है, जिनमें से 40 फीसदी मौंते 15 से कम उम्र के बच्चों की होती है.

रेबीज विषाणु स्तनधारियों को संक्रमित करता है, जिनमें कुत्ते, बिल्ली, पशुधन और वन्यजीव शामिल हैं. रेबीज जानवरों की लार के माध्यम से फैलता है. आमतौर पर काटने, खरोंचने या आखें, मुंह या खुले घाव के सीधे इन जानवरों के संपर्क में आने से रेबीज हो सकता है. रेबीज अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों पर पाया जाता है. इससे दुनियाभर में हर साल अनुमानित 59000 मौतें होती है. रेबीज पर खर्च होने वाले धन की बात करें तो पूरे विश्व में हर साल लगभग 8.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि इस बीमारी के उपचार पर खर्च की जाती है.

रेबीज के 99 फीसदी मामले कुत्ते, बिल्ली के काटने और खरोंचने से होते हैं. हालांकि कुत्तों के टीकाकरण के जरिए इसे रोका जा सकता है. यह विषाणु इंसान के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संक्रमित कर उसे अपने नियंत्रण में ले लेता है और इससे पीड़ित व्यक्ति कुत्ते, बिल्ली की तरह की व्यवहार करने लगता है, जिससे यह 100 फीसदी घातक हो जाता है.

वादे नहीं भूलते...
तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन
लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.
अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.
आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़ें रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफ़टी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. **कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.**

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC / MI / 2025-26 / 15 / Hin